भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1181
गुरुवार, दिनांक 09 फरवरी, 2023 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>सोलर ट्री का उपयोग</u>

1181. श्री संजय काका पाटीलः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा संपूर्ण देश में सोलर ट्री के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कोई कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने के प्रस्ताव है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने सस्ते सोलर ट्री के निर्माण के लिए सोलर ट्री विनिर्माताओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान की है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) से (घ): नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ओडिशा राज्य में "कोणार्क सूर्य मंदिर और कोणार्क शहर के 100 प्रतिशत सौरीकरण के लिए ग्रिड संबद्ध सौर परियोजना और विभिन्न ऑफ ग्रिड अनुप्रयोगों की स्थापना" कार्यान्वित कर रहा है। इस परियोजना के तहत एमएनआरई ने 100 प्रतिशत सीएफए (केन्द्रीय वित्तीय सहायता) के साथ 50 सौर वृक्षों (सोलर ट्री) की स्थापना में सहायता की है।

एमएनआरई ने स्वदेशी सौर मॉड्यूल निर्माण को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित पहलें की है, जिसका उपयोग सौर वृक्ष निर्माण में भी किया जा सकता हैः-

i. उच्च दक्षता के सौर पीवी मॉड्यूलों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना
ii. एमएनआरई की योजनाओं अर्थात् सीपीएसयू योजना चरण-II, पीएम-कुसुम घटक-ख और ग्रिड संबद्ध रूफटॉप सौर कार्यक्रम चरण-II में घरेलू सामग्री की आवश्यकता (डीसीआर)
iii. सार्वजनिक खरीद में 'मेक इन इंडिया' को वरीयता
iv. सौर पीवी सेलों और मॉड्यूलों के आयात पर बुनियादी सीमा-शुल्क लगाया जाना
v. सीमा-शुल्क रियायतों को समाप्त करना।

*****